हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, मंगलवार 5 मई 2026

11 महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा...



12 जगान के सरपंच पर छायादार पेड़ काटने का...



## खबर संक्षेप

### जबरन वसूली के मामले में निडानी का युवक दबोचा

**हिसार।** सीआईए टीम ने जबरन वसूली के एक पुराने मामले में कार्रवाई करते हुए 5वें आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान जींद के निडानी निवासी रोहित के रूप में हुई है। सीआईए टीम के एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में 28 फरवरी 2025 को मीरपुर निवासी राजेश उर्फ धोलू की शिकायत पर आरोपियों द्वारा जबरन वसूली करने पर अग्रोहा थाना में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपी रायपुर निवासी संजय, सोनीपत के जागसी निवासी रोहित, हांसी के पुरिया निवासी राममेहर व लुधियाना के उमेदपुरा निवासी शुभम उर्फ राहुल को पहले से गिरफ्तार किया जा चुके हैं।

### अवैध पिस्तौल सहित एक युवक गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए मिल गेट के मुख्य सिपाही मनोज कुमार की टीम एक युवक को अवैध पिस्टल व मैगजीन सहित काबू किया है। पकड़े गये आरोपी की पहचान धीरनवास निवासी शमशेर सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सीआईए के मुख्य सिपाही मनोज कुमार अपनी टीम के साथ धीरनवास गांव में नहर के पास गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना के आधार पर शमशेर सिंह को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उसके कब्जे से 32 बोर का एक अवैध पिस्तोल बरामद किया गया।

### चुराए गए आभूषणों के साथ दो आरोपी पकड़े

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने पटेल नगर से घर से चोरी हुए जेवरात के मामले में दो आरोपियों को काबू करके उनके कब्जे से चोरीशुद्धा जेवरात बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान पटेल नगर निवासी आर्तिक उर्फ कार्तिक व सन्नी उर्फ मोगली के रूप में हुई है। एएसआई गोविंद ने बताया कि इस संबंध में पटेल नगर निवासी फूलचंद ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार वह गत 27 अप्रैल को अपनी रिश्तेदारी में गया था और जब वह 13 दिन के बाद अपने घर वापस आया तो देखा कि उसके घर से उसके जेवरात गायब हैं। इस पर पुलिस ने केस दर्ज किया था।

### फायरिंग कर दहशत फैलाने का आरोपी धरा

**हिसार।** शहर की 12 क्वार्टर चौकी पुलिस टीम ने महावीर कॉलोनी में फायरिंग करने के मामले में महीनों से फरार चल रहे शातिर आरोपी को दबोच लिया गया है। आरोपी की पहचान जींद जिले के बेलरखां निवासी दीपक के रूप में हुई है। एएसआई राकेश ने बताया कि नवंबर 2025 में एक बर्थडे पार्टी के दौरान शोर-शराबे का विरोध करने पर बाइक सवार युवकों ने महावीर कॉलोनी स्थित एक घर के बाहर फायरिंग की और फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपी दीपक के बारे में पता चला है कि वह अनूप बेलरखां का करीबी साथी है और डकैती जैसी संगीन वारदातों में भी इसकी भूमिका की जांच की जा रही है।

# तेलियान पुल के पास शराब कारोबारी धोलिया की हत्या में ठेकेदार सहित 9 दोषियों को उम्रकैद

## दो दोषियों पर 1.30-1.30 लाख और सात पर 1-1 लाख रुपये जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

अदालत ने तेलियान पुल के पास शराब ठेकेदार जयसिंह की गोलियां मारकर हत्या करने के मामले में शराब ठेकेदार समेत नौ दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। सोमवार को सुनाए गए फैसले में अदालत ने शराब ठेकेदार राधेश्याम और दीपक पर 1.30-1.30 लाख रुपये जुर्माना लगाया है जबकि सात अन्य अशोक, उमेद, सुरेंद्र, सुंदर, महिपाल, प्रवीन और कृष्ण पर एक-एक लाख रुपये जुर्माना लगाया है। अदालत में चले मामले के अनुसार इस संबंध में हिसार शहर पुलिस ने सुनील की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

शहर की जीएलएफ कालोनी में रहने वाले सुनील ने बताया था कि उसका भाई जयसिंह शराब कारोबारी था। उसने साल 2015-2016 में शराब ठेकेदार राधेश्याम गुज्जर के साथ मिलकर शराब ठेके लिए हुए थे। उस दौरान भाई जयसिंह का राधेश्याम की तरफ एक लाख से अधिक रुपये का बकाया था। उसके बाद भाई ने राधेश्याम के साथ ठेकेदारी न कर अलग से शराब के ठेके ले लिए।

वारदात वाले दिन राधेश्याम ने भाई के पास फोन कर तेलियान पुल के पास वाले शराब ठेके पर बुलाया था और कहा कि रुपयों का हिसाब करना है। उसके फोन करने के बाद उसका भाई जयसिंह शाम लगभग साढ़े चार बजे भांजे रतन के साथ गाड़ी लेकर ठेके पर पहुंचे। वहां पर कारिंदा बैठा था। सुनील की शिकायत के अनुसार कुछ देर बाद राधेश्याम और अशोक बाइक पर आए। उनके हाथों में पिस्तोल थी। उनके पीछे-पीछे राधेश्याम का भाई कृष्ण, उसका साला सुंदर और हांसी निवासी कृष्ण, महिपाल, सुरेंद्र तलवंडी राणा निवासी, उमेद जीएलएफ कालोनी निवासी, प्रवीन और दो तीन अन्य लड़के आए। फिर जयसिंह उर्फ धोलिया पर फायरिंग कर दी। गोलियां लगने से जयसिंह की मौके पर मौत हो गई। इसी मामले में अदालत ने आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है।

# घर से नाराज होकर आई 12वीं की छात्रा से गैंगरेप, केस दर्ज

## आरोपियों में एक दनौदा व दूसरा अलमोड़ा का

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

शहर के कैंप चौक स्थित एक होटल में कुरुक्षेत्र के ईस्माइलाबाद की रहने वाली 12वीं कक्षा की छात्रा से गैंग रेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो आरोपियों पर केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। छात्रा गत 2 मई को घर से झगड़कर परिजनों से नाराज होकर रोडवेज बस में हिसार आ गई। बस स्टैंड पर लड़की को जींद के दनौदा गांव निवासी युवक मोनू मिला, जो उसे बहला-फुसलाकर कैंप चौक के पास एक होटल में ले गया, जहां उसने लड़की से रेप किया। इसके बाद युवक ने होटल कर्मी उत्तराखंड के अलमोड़ा निवासी जितेंद्र को भी बुला लिया और उसने भी लड़की से रेप किया। इसके बाद लड़की किसी तरह चंगुल से निकलकर वापस बस स्टैंड पहुंची और परिजनों से संपर्क किया और पूरी आप बीती बताई। इसके बाद लड़की की मां कुरुक्षेत्र से हिसार पहुंची और अर्बन एस्टेट थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने लड़की की मां की शिकायत पर युवकों के खिलाफ रेप का केस दर्ज लिया है। अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

# रेलगाड़ी की चपेट में आने से दो की मौत

■ जीता खेड़ी के पास मालगाड़ी की चपेट में आया बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

रेलवे स्टेशन क्षेत्र में रविवार को रेलवे ट्रैक पर दो अलग-अलग स्थानों पर ट्रैन की चपेट में आने एक बुजुर्ग व एक युवक की मौत हो गई। इनमें जीता खेड़ी के समीप मालगाड़ी की चपेट में आने से 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि हांसी रेलवे स्टेशन पर एक अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव मिला।

पहली घटना हांसी से जीताखेड़ी रेलवे स्टेशन के बीच हुई। जहां तोशाम उपमंडल के गांव बागनवाला निवासी 60 वर्षीय जगबीर मालगाड़ी की चपेट में आ गए। उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। रेलवे पुलिस ने नागरिक अस्पताल पहुंचे। परिजनों के बयान पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया।

### हांसी में रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिला

दूसरी घटना हांसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर हुई। जहां रविवार सुबह करीब 18 वर्षीय एक अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत हालत में शव रेलवे ट्रैक पर मिला। युवक का सिर धड़ से अलग पाया गया। प्रारंभिक जांच में आशंका है कि युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। युवक की पहचान के लिए शव को नागरिक अस्पताल में रखवाया गया है। जांच अधिकारी एसआई उषा शर्मा ने बताया कि युवक ने नीले रंग की जींस और सफेद टी-शर्ट पहन रखी थी। मौके से एक काले-पीले रंग का गमछा और एक टूटा हुआ मोबाइल भी बरामद हुआ, लेकिन उसमें सिम कार्ड नहीं था।

## मांगों को लेकर नगर पालिका कर्मचारी संघ की ने जारी रखी हड़ताल

# शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई नहीं हुआ 500 टन कूड़े का उठान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

नगर पालिका कर्मचारी संघ की अपनी मांगों को लेकर सोमवार को हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही। हड़ताल के चलते शहर में सफाई व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है। सड़कों पर जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे पड़े हैं।

एक अनुमान के अनुसार नगर निगम एरिया में 500 टन से अधिक कचरे का उठान नहीं हो रहा है। हालात यह बन गए हैं कि शहरवासी के घरों में कचरा जमा होने लगा है। पिछले चार दिन से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली निगम की गाड़ियों नहीं आ रही है। शहर में सफाई व्यवस्था हर दिन बद से बदत्तर होती जा रही है। ऐसे में कर्मचारियों की हड़ताल लंबी चलती है तो शहर में हालात बेहद नाजुक हो सकते हैं।





हिसार में भाजपा विधायक रणधीर पनिहार के आवास के पास फैला कचरा व नारनौंद में मांगों को लेकर कर्मचारी हड़ताल पर बैठकर प्रदर्शन करते हुए।

### निगम कार्यालय में कामकाज प्रभावित

हड़ताल से निगम कार्यालय में कामकाज पर भी असर पड़ा है। अधिकतर कर्मचारी हड़ताल में शामिल रहे, जिससे रोजमर्रा के कार्य के लिए पहुंचे नागरिकों बैरंग लौटना पड़ा। कर्मचारियों की हड़ताल के चलते निगम की विभिन्न शाखाओं में सन्नाटा पसरा रहा। कार्यालय में सिर्फ अधिकारी ही ड्यूटी देते दिखाई दिए।

### अधिकारी पैदल पहुंचे कार्यालय

हड़ताली कर्मचारियों ने रोजाना की तरह निगम कार्यालय के मुख्य गेट के सामने धरना प्रदर्शन किया। इसके चलते अधिकारियों को निगम के मुख्य गेट से कार्यालय तक पैदल ही मार्च करना पड़ा। हालांकि दोपहर बाद हड़ताली कर्मचारियों के वहां से जाने के बाद अधिकारियों की गाड़ियों भी निगम परिसर में पहुंची गई।

### मांगें पूरी होने तक रहेगी हड़ताल

धरने को संबोधित करते हुए नगर पालिका कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान सुरेंद्र उर्फ गोलू ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर सरकार के साथ लंबे समय से लड़ाई जा रही है। सरकार जायज मांगों को हल करने की बजाय टालमटोल करने में जुटी है। जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती हड़ताल जारी रहेगी। उनकी प्रमुख मांगों में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, डोर टू डोर व ठेका के कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन 30000 रुपये देना, फायर विभाग के शहीद कर्मचारियों को उचित मुआवजा व एक परिवार के सदस्य को स्थाई नौकरी देना आदि शामिल है।

### नारनौंद में भी रही हड़ताल

**नारनौंद।** नगर पालिका नारनौंद में तीसरे दिन भी सफाई कर्मचारी व फायर विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल जारी रही। इसकी अध्यक्षता नगर पालिका से नरेश ने की फायर विभाग से जसवीर श्योकनद ने की व मंच संचालन धर्मवीर ने किया। कर्मचारी नेता देवेंद्र लोहान ने कहा कि सरकार हमारी मांगों का जल्द से जल्द समाधान करें वरना सरकार की ईंट से ईंट बजाने का काम करेंगे। इसके अलावा शहरों में प्रदर्शन कर सरकार की पोल खोलने का भी काम करेंगे।

# डाटा गांव में राजमिस्त्री पर लाठी-डंडों से हमला, भट्टे में छिपकर बचाई जान

■ बेटे की लव मैरिज से नाराज लड़की पक्ष पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

डाटा गांव में एक राजमिस्त्री पर लाठी डंडों से हमला किए जाने का मामला प्रकाश आया है। घायल राजमिस्त्री को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल राजमिस्त्री बरवाला थाना क्षेत्र के गांव बयाना खेड़ा निवासी ने राजेश कुमार के बयान दर्ज कर मामले की जांच आरंभ कर दी है। राजमिस्त्री राजेश कुमार पर 2 मई की शाम लाठी-डंडों से हमला किया गया और हमलावरों से बचने के लिए राजेश ने ईंट भट्ठे में छिपकर अपनी जान बचाई। नागरिक अस्पताल में मौजूद राजेश के बेटे कुलदीप ने बताया कि वे 2 मई को शाम करीब 3:30 बजे गांव डाटा से अपने घर लौट रहे थे। ईंट भट्ठे के पास कुछ लोगों ने उनकी बाइक रोक ली। कुलदीप के अनुसार दो युवक बाइक पर और चार लोग एक गाड़ी में सवार थे और उन्होंने बाइक को रुकवा कर आते ही उसके पिता राजेश पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।



**हांसी।** नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन राजमिस्त्री राजेश

### छोटे बेटे ने फरवरी में किया था प्रेम विवाह

कुलदीप ने बताया कि उसके छोटे भाई सुखविंदर ने फरवरी में लव मैरिज की थी, जिसके बाद से लड़की पक्ष की ओर से धमकियां मिल रही थीं। कुलदीप ने आशंका जताई है कि यह हमला उसी रंजिश की वजह से किया गया है। परिजनों ने बताया कि राजेश कुमार पर इससे पहले भी हमला हो चुका है, जिसकी शिकायत बरवाड़ा थाने में दर्ज कराई गई थी।

### पुलिस मामले की जांच कर रही

मामले की जांच कर रहे जांच अधिकारी नरेश ने बताया कि घायल राजेश कुमार के बयान दर्ज कर तस्दीक रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है। जांच अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में राजेश कुमार ने हमलावरों पर 15 हजार रुपए छीनने का आरोप लगाया था। लेकिन, बाद में उन्होंने कहा कि उसके रुपये घटनास्थल पर ही गिर गए थे जो बाद में उन्हें वापस मिल गए।

# साइबर ठगों से पीड़ित को वापस दिलवाए ₹60 हजार

**हिसार।** साइबर थाना ने ऑनलाइन सॉफ्टवेयर खरीदने के नाम पर हुई धोखाधड़ी के मामले में पीड़ित के 60 हजार रुपये वापस दिलवाए हैं। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता आदमपुर के ढाणी लाखपुल निवासी रामरतन की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार उसने ऑनलाइन सॉफ्टवेयर खरीदने के दौरान अज्ञात साइबर अपराधियों के झांसे में आकर 60 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए थे।

ठगी का एहसास होने पर उसने तत्काल साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाना के एएसआई सुरेन्द्र कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित तकनीकी विश्लेषण एवं बैंकिंग समन्वय के माध्यम से कार्रवाई की। पुलिस की सक्रियता और तत्परता के परिणामस्वरूप ठगी की गई पूरी राशि को सफलतापूर्वक होल्ड कराकर शिकायतकर्ता को वापस दिलवाया गया। पुलिस अधीक्षक ने साइबर थाना टीम के कार्य की प्रशंसा करते हुए आमजन से अपील की है कि ऑनलाइन लेन-देन करते समय सावधानी बरतें तथा किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ऑफर पर तुरंत प्रतिक्रिया न दें। किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी साइबर थाना में संपर्क करें।



हिसार : डीजीपी के नाम ज्ञापन सौंपते संगठनों के पदाधिकारी।

## युवक की हत्या पर समाज में गुस्सा

# लघु सचिवालय की चौखट पर तेरहवीं कर मांगा न्याय

■ 'हादसा' बताने पर भड़का समाज, भीम आर्मी और बसपा का अल्टीमेटम-न्याय नहीं मिला तो होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

तलवंडी बादशापुर के एससी वर्ग के युवक अनिल की हत्या का मामला बड़े सामाजिक और राजनीतिक आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। न्याय की मांग पर सोमवार को पीड़ित परिवार और दलित संगठनों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए लघु सचिवालय के मुख्य द्वार पर ही मृतक की 'तेरहवीं' की रस्म अदा की।

इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व भीम आर्मी और बसपा के नेताओं ने किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पुलिस और प्रशासन सत्ता के दबाव में इस 'हत्या' को 'दुर्घटना' बताकर मामले को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। धरने को संबोधित करते हुए भीम आर्मी नेता संतलाल अंबेडकर ने कहा कि यह कोई हादसा नहीं बल्कि एक हत्या है। अगर प्रशासन ने तुरंत सभी आरोपियों को हत्या के मामले में गिरफ्तार नहीं किया और सख्त धाराओं में केस दर्ज नहीं किया तो दलित समाज चुप नहीं बैठेगा। हम पूरे प्रदेश में बड़ा आंदोलन खड़ा करेंगे।

### डीजीपी ने नाम सौंपा ज्ञापन, दी चेतावनी

तेरहवीं के बाद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में आजाद नगर थाना में दर्ज एफआईआर नंबर 209 में सभी नामजद आरोपियों की हत्या के आरोप में तुरंत गिरफ्तारी, सख्त धाराओं में केस दर्ज करने और लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई। इसके साथ ही पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, एक सदस्य को सरकारी नौकरी, गवाहों की सुरक्षा, मामले की जांच एसआईटी से कराने और आरोपियों का लाई डिटेक्टर टेस्ट करवाने की भी मांग उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने साफ शब्दों में प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो यह आंदोलन हिसार तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि पूरे हरियाणा में व्यापक स्तर पर फैलाया .जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मृतक परिवार से सत्यवान, सुनील, नवल किशोर, मृतक की पत्नी पिंकी देवी, एडवोकेट बजरंग इंदल, एडवोकेट रामसिंह सोढ़ी, एडवोकेट पवन तुंदवाल, एडवोकेट मोनिका, अमन लांबा, भीम आर्मी नेता डॉ. सुरेश छाछिया, प्रकाश पंवार, राजकुमार, प्रदीप, प्रधान रविन्द्र चौहान, जगदीश बौद्ध, सुनील मेहरा, महेंद्र सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## 32.6 एमएम बरसात से अधिकतम पारा 9.6 डिग्री लुढ़का, बिजली आपूर्ति बाधित

# आंधी-बारिश में 480 खंभे, 48 ट्रांसफार्मर और 1500 पेड़ गिरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

तेज अंधड़ से साथ आई रविवार की रात्रि आई बारिश से जहां गर्मी से लोगों को राहत मिली है, वहीं बिजली निगम व वन विभागों को लाखों को नुकसान भी हुआ है। बिजली निगम के हिसार सर्कल एरिया में 480 खंभे तथा 48 ट्रांसफार्मर गिर गए। बिजली के खंभे गिरने से खासकर नारनौंद के क्षेत्र के कई गांवों के अलावा, मिर्चपुर, थुराना, बुड़ाना, उमरा, मुढ़ाल एरिया में निगम को अधिक नुकसान हुआ है।

स्याहड़वा क्षेत्र में बिजली के कई पोल टेड़े हो गए और कुछ जगहों पर ट्रांसफार्मर नीचे गिर गए। खंभे तथा ट्रांसफार्मर गिरने से कई गांवों में रातभर बिजली आपूर्ति बंद रही। कुछ स्थान पर सोमवार की शाम तक बिजली आपूर्ति के लिए निगम के कर्मचारी लगे हुए थे। उधर, हिसार व हांसी में वन विभाग के 1500 पेड़ भी गिरे हैं।

### 19.2 डिग्री रहा न्यूनतम पारा

बारिश के चलते गर्मी के तेवर कुछ ढीले हो गए हैं। रात्रि के समय करीब 32.6 मिलीमीटर बारिश के कारण हिसार के दिन को पारे में गोता लगा दिया है। पिछले दो दिनों में दिन का पारा सामान्य से 9.6 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया है। सोमवार को अधिकतम पारा 31.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जोकि रविवार के 35.8 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 4.7 डिग्री सेल्सियस कम है। हिसार का न्यूनतम पारा भी सामान्य से 4.9 डिग्री नीचे चल रहा है। सोमवार को रात्रि पारा 19.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

### कई जगह रास्ते बाधित

तेज अंधड़ के साथ आई बारिश के कारण हिसार तथा हांसी जिलों में हजारों की संख्या में पेड़ गिर गए। वन विभाग के अनुसार तेज अंधड़ में विभाग के करीब 1500 पेड़ गिर गए हैं। कई स्थानों पर पेड़ बीच रास्ते पर गिर गए, जिसके कारण आवागमन प्रभावित हुआ। इसके अलावा कई गांवों व खेतों में तेज अंधड़ के चलते कई पेड़ बिजली की लाइनों पर गिर गए। इसके कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।





सोमवार देर शाम को भी कुलेरी, चूलीकलां व किरमारा में ओलावृष्टि हुई। वन विभाग व बिजली निगम की टीमें रास्ते व बिजली सप्लाई बहाल करने में जुटी रही।

### पूरे महीने होंगे बड़े बदलाव

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्र मोहन के अनुसार मई महीने में मौसम में बड़े बदलाव और उलट-फेर देखने को मिल सकते हैं। आमतौर पर मई महीने में आग उगलने वाली भीषण गर्मी अपने तेवरों को प्रचंड बना लेती है और तापमान में भारी उफान के साथ हीट बेब लू का कहर देखने को मिलता है परंतु इस बार मई महीने में मौसम में उलटफेर देखने को मिलेगा। साथ ही इस माह विशेष मौसमी गतिविधियां देखने को मिलती हैं। जिसमें नौतपा सबसे प्रमुख है जो 25 मई से 2 जून के बीच आता है। इन नौ दिनों के दौरान सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने पर सूर्य की किरणें सीधी पड़ती हैं, जिससे मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली तापमान 45-48 डिग्री तक पहुंच जाता है। इसके बारे में यह भी कहा जाता है कि जितना तपेगा उतनी अच्छी मानसून होगा। मई महीने में 7-8 पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे जिसमें 4-5 पश्चिमी विक्षोभ मध्यम श्रेणी के होंगे जिनकी वजह से तेज गति की हवाओं आंधी अंधड़ और हल्की बारिश बूंदाबांदी की गतिविधियों से बार बार मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा।

# सहेली



विशेष
मातृ दिवस
10 मई

# मां तुम हो सबसे प्यारी... सबसे न्यारी...

मां के बारे में कितना भी कहा जाए, लिखा जाए, कम ही होगा। उसकी ममता की कोई थाह नहीं, उसके त्याग की कोई सीमा नहीं। संतान के हित के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने को तत्पर मां की महानता का वर्णन संभव नहीं। सच! इस दुनिया में कोई रिश्ता नहीं, जो मां जैसा प्यारा हो, मां जैसा न्यारा हो।

कवर स्टोरी

**शिखर चंद जैन**

बिन कहे जो आपकी बात समझ जाए, जिससे बात करके मन हल्का हो जाए, जिसकी गोद में सिर रखकर कुछ पल बैठ जाएं तो स्वर्ग-सा सुख मिले, ऐसा शख्स मां के बिना भला कौन हो सकता है! अपनी संतान से मां का रिश्ता सृष्टि में सबसे सुंदर और अद्वितीय होता है। यह रिश्ता सिर्फ भावनाओं का संगम नहीं, त्याग, शक्ति और अटूट विश्वास की एक अनूठी कहानी है। मां का रिश्ता दुनिया के हर रिश्ते से अलग और बेहद महत्वपूर्ण होता है। मां का रिश्ता एक ऐसी अनमोल विरासत है। एक महिला के रूप में, मां होना पूर्णता का अहसास है और एक संतान के रूप में, मां का होना ईश्वर का वरदान है।

## सृष्टि का आधार मां की सृजन-शक्ति

मां का रिश्ता दुनिया का इकलौता ऐसा रिश्ता है, जो जन्म से पहले ही शुरू हो जाता है। नौ महीने तक एक नन्ही-सी जान को अपने भीतर सींचना, उसे अपना रक्त और पोषण देना, यह एक ईश्वरीय अनुभव है। दुनिया का कोई भी दूसरा रिश्ता इस स्तर के शारीरिक और आत्मिक जुड़ाव से नहीं बनता। मां एक 'क्रिएटर' है, यही उसे बाकी सब नातों से ऊपर रखता है। 'मां' केवल एक शब्द नहीं, संपूर्ण सृष्टि का आधार है। भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मान्यताओं में मां को ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति के रूप में देखा जाता है। मां ही वह शक्ति है, जिसके बिना जीवन की कल्पना करना असंभव है। कई धार्मिक विचारों में मां को ईश्वर का साकार रूप माना गया है, क्योंकि जिस प्रकार परमात्मा सृष्टि का आधार है, उसी प्रकार मां अपने परिवार और भावी पीढ़ी का आधार होती है।

## पहली गुरु और मार्गदर्शक

मां न केवल जीवन देती है, बल्कि जीवन जीने का सही तरीका और संस्कार भी सिखाती है। एक बच्चा अपनी पहली शिक्षा किसी स्कूल से नहीं, बल्कि अपनी मां की गोद से प्राप्त करता है। भाषा, संस्कार, सही-गलत की पहचान और दुनिया को देखने का नजरिया सब मां ही सिखाती है। मां ही बच्चे की पहली मेंटर होती है। वह बिना किसी डिग्री के भी जीवन के सबसे कठिन पाठ पढ़ा देती है। इसीलिए मां को हमारे जीवन की पहली गुरु और मार्गदर्शक माना जाता है। मां ही बच्चे के साथ सबसे अधिक समय बिताती है, उसे जीवन के प्रारंभिक पाठ सिखाती है। मां की सिखाई बातें जीवन भर अपनी संतान का मार्गदर्शन करती हैं।

## निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा



मां के निःस्वार्थ प्रेम और समर्पण के कारण ही उसे जीवनदाता और सबसे अच्छी दोस्त भी कहा जाता है। आज की व्यावसायिक दुनिया में हर रिश्ता किसी न किसी उम्मीद या लेन-देन पर टिका होता है। लेकिन मां का प्यार 'अनकंडीशनल' होता है। बच्चा चाहे कितना भी बड़ा हो जाए, सफल हो या असफल, मां के लिए वह हमेशा वही मासूम जान रहता है। उसका प्यार बदले में कुछ नहीं मांगता, बस अपने बच्चे की मुस्कुराहट चाहता है। मां का स्नेह, त्याग और ममता न केवल बच्चों का मार्गदर्शन करती है, बल्कि समाज और मानवता की नींव भी रखती है।

## अनकही बातों को समझने का हुनर

दुनिया के हर रिश्ते में अपनी बात समझाने के लिए शब्दों का सहारा लेना पड़ता है, लेकिन मां के साथ ऐसा नहीं है। आपकी आंखों की नमी, आपकी आवाज की खनक या आपकी चुप्पी, मां सब कुछ बिना कहे समझ लेती है। यह 'इंट्यूशन' और 'टेलीपैथी' जैसा जुड़ाव केवल मां के साथ होता है। 'मां' के पास अपनी संतान की अनकही बातों को समझने का जो हुनर होता है, वह शब्दों का मोहताज नहीं होता। यह गुण केवल एक मां ही रख सकती है, जिसे दुनिया के किसी और रिश्ते में पाना लगभग असंभव है। एक मां का दिल वह खजाना है, जिसमें केवल त्याग और प्रेम भरा होता है। मां न केवल अपनी संतान की भावनाओं को समझती है, बल्कि उनमें गहरी रुचि और परवाह भी दिखाती है। चाहे रोते हुए बच्चे को चुप कराना हो या किसी जटिल बात को सरलता से समझाना, मां, संचार के इस कौशल में माहिर होती है। मां का धैर्य, उसका निःस्वार्थ प्रेम ही उसे बच्चे के मन की उन बातों को भांपने की शक्ति देता है, जो वह कभी नहीं कह पाता।

## सबसे सुरक्षित आश्रय

बाहर की दुनिया कितनी भी कठोर क्यों न हो, जब एक बच्चा अपनी मां की गोद में सिर रखता है, तो उसे दुनिया का सबसे सुरक्षित कोना महसूस होता है। मां की गोद को दुनिया का सबसे सुरक्षित आश्रय मानने के पीछे केवल भावनाएं ही नहीं, बल्कि ठोस वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक शोध निष्कर्ष भी हैं। रिसर्च के अनुसार, मां के साथ शारीरिक संपर्क (जैसे गोद में बैठना या गले लगना) शरीर में ऑक्सीटोसिन हार्मोन को रिलीज करता है। यह हार्मोन तनाव को कम करता है, सुरक्षा का अहसास दिलाता है और मां-बच्चे के बीच एक अटूट बंधन बनाता है। अध्ययनों से पता चला है कि मां का स्पर्श और उसकी मौजूदगी बच्चे के शरीर में कोर्टिसोल (तनाव बढ़ाने वाला हार्मोन) के स्तर को कम कर देती है। इससे बच्चा खुद को शांत और सुरक्षित महसूस करता है। सिंगापुर में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, जो बच्चे मां के अधिक संपर्क में रहते हैं, उनके 'सोशल ब्रेन' का विकास बेहतर होता है। यह उन्हें भावनाओं को समझने और सामाजिक रूप से सक्रिय बनने में मदद करता है। मनोवैज्ञानिक जॉन बाउल्बी की 'अटैचमेंट थ्योरी' बताती है कि मां की गोद बच्चे के लिए एक 'सिक्योर बेस' (सुरक्षित आधार) का काम करती है। जब बच्चा यहां सुरक्षित महसूस करता है, तभी उसमें बाहर की दुनिया को एक्सप्लोर करने का आत्मविश्वास आता है। 'कंगारू केयर' (त्वचा से त्वचा का संपर्क) पर हुई रिसर्च बताती है कि मां की गोद में रहने से शिशुओं के दिल की धड़कन और शरीर का तापमान स्थिर रहता है, जिससे उनका शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। ❁



## विशाल हृदयी-त्याग की मूरत मां

**एक महिला** जब मां बनती है, तो वह अपनी नींद, अपनी पसंद, अपना करियर और कभी-कभी अपनी पहचान तक को पीछे छोड़ देती है। सबसे रोचक बात यह है कि वह इसे 'त्याग' नहीं मानती, बल्कि अपनी खुशी मानती है। अपनी थाली की आखिरी रोटी बच्चे को खिलाकर पेट भरा हुआ महसूस करना, यह जादू सिर्फ मां कर सकती है। इंसान गलतियों का पुतला है, और हम अकसर जाने-अनजाने अपनों का ही दिल दुखाते रहते हैं। जहां दूसरे रिश्ते छोटी-सी ठेस से टूट जाते हैं या उनमें दरार आ जाती है, मां का दिल वह समंदर है, जो आपकी हर गलती को समा लेता है। वह डांटती है, नाराज होती है, लेकिन कभी आपका हाथ नहीं छोड़ती। उसका विशाल हृदय संतान को क्षमा करने में देर नहीं करता। जब पूरी दुनिया आप पर शक करती है, तब मां ही होती है, जिसे यकीन होता है कि आप सब कुछ कर सकते हैं। मां का 'मेरा बच्चा सबसे अच्छा है' वाला विश्वास हमें बड़े से बड़े संकट से लड़ने की शक्ति देता है। मां का भरोसा ही वह चेतना जगाती है, जिससे हमारा आत्मविश्वास चमकता है।

# प्यार से सिखाते-समझाते हुए अपनी मां को बनाएं टेक्नो-स्मार्ट

आप जरूर चाहेंगी कि जैसे स्मार्ट फोन और गैजेट्स के जरिए रोजमर्रा के ढेरों काम आसानी से कर लेती हैं, वैसे ही आपकी मम्मी भी कर लें। इसके लिए आपको ही उनकी हेल्प करनी होगी। उन्हें आप बहुत आसानी से टेक्नो-स्मार्ट बना सकती हैं।

सजेशन

**ललिता गोयल**



आज के डिजिटल दौर में मॉम को भी टेक्नो-फ्रेंडली होना बहुत जरूरी है। इससे उनको अपनी फेवरेट रेसिपी ढूंढ़ने या अपने रिलेटिव्स से बात करने के लिए किसी की मदद का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वे खाली समय में अपना एंटरटेनमेंट कर पाएंगी, इससे उन्हें खुशी मिलेगी और उनका कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा। आप बहुत आसानी से मॉम को टेक्नो-स्मार्ट बना सकती हैं। इसकी शुरुआत मदर्स-डे से कर सकती हैं।

**दोस्त बनकर सिखाएं:** अगर टेक्नोलॉजी से जुड़ी मां को एक बार में कोई बात समझ नहीं आ रही तो परेशान या इरिटेट न हों। एक दोस्त की तरह व्यवहार करें, बार-बार प्यार से समझाएं। एक उम्र के बाद टेक्नोलॉजी से जुड़ी बातें सीखने में डर, हिचक होती ही है। ऐसे में उन्हें प्यार से समझाएं, उनका हौसला बढ़ाएं। जैसे आपके बचपन में उन्होंने आपको एक-एक अक्षर और गिनती सिखाई थी, वैसे ही अब आपकी बारी है।

**छोटे कदमों से करें शुरुआत:** सीधे मुश्किल फंक्शंस सिखाने की बजाय, रोजमर्रा की जरूरत वाली चीजें जैसे- व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल, मैसेज टाइप करना, फोटो शेयर करना, यू-ट्यूब पर वीडियो देखना सिखाएं। जब वे इतना सीख जाएं तब उन्हें दूसरी बातों के बारे में बताएं।



**ऑनलाइन फ्रॉड की जानकारी:** अपनी मॉम को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के टिप्स भी जरूर बताएं जैसे कि अनजाने लिंक पर क्लिक न करना और ओटीपी शेयर न करना। अनजान लिंक्स के खतरों के बारे में भी समझाएं ताकि कोई नुकसान न उठाना पड़े।

**एंटरटेनमेंट:** अगर मां को गाने सुनना पसंद हैं, तो उनके फोन पर यू-ट्यूब या स्पॉटीफाई में उनके फेवरेट गानों की प्ले-लिस्ट बना दें। अगर उन्हें किताबें पढ़ना पसंद है, तो ई-बुक्स के बारे में बता सकती हैं। अगर आपकी मां को लिखने का शौक है तो आप उन्हें पर्सनल ब्लॉग बनाना भी सिखा सकती हैं।

**वीडियो कॉलिंग:** अपनी मम्मी को जरूर सिखाएं कि कैसे वे अपनी सहेलियों या रिश्तेदारों से बिना किसी की मदद के वीडियो कॉल कर सकती हैं। अपने करीबियों को देखते हुए बात करना उन्हें बहुत खुशी देगा।

**कैब बुकिंग:** ट्रैवल एप के जरिए मां को कहीं भी आने-जाने के लिए कैब बुकिंग करना भी सिखाएं। इससे कहीं भी अकेले आने-जाने के लिए वे आत्मनिर्भर बनेंगी।

**हेल्थ-फिटनेस नॉलेज:** मां के फोन में कोई योगा एप डाउनलोड कर दें। इनमें 50 से अधिक की उम्र के हिसाब से आसान योगासन और ब्रीदिंग एक्सरसाइज के तरीके मिल जाएंगे। इनकी मदद से उन्हें फिट और हेल्दी रहने में बहुत मदद मिलेगी।

**डिजिटल पेमेंट:** उन्हें यूपीआई से पेमेंट करना जरूर सिखाएं। इससे वे आत्मनिर्भर बनेंगी और जब चाहेंगी अपनी पसंद की शॉपिंग कर सकेंगी। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। जब मां अपनी पसंद की चीजों को डिजिटल तरीके से खुद एक्सेस कर पाएंगी, तो उन्हें बहुत खुशी मिलेगी।

**टेक्नो फ्रेंडली बनने के फायदे:** जब आपकी मॉम टेक्नोस्मार्ट हो जाएंगी तो यह कई तरीके से उनके लिए फायदेमंद होगा।

- वे घर बैठे ऑनलाइन सामान ऑर्डर कर सकती हैं।
- वे डिजिटल माध्यम से दूर बैठे परिवार वालों से आसानी से जुड़ सकती हैं।
- वे नई चीजें सीखकर नॉलेज बढ़ा सकती हैं।
- अपने खाली समय में एंटरटेनमेंट कर सकती हैं, इससे उन्हें बोरियत नहीं होगी। ❁

# हर तरह के मैनेजमेंट स्किल में एक्सपर्ट होती हैं मदर्स

मांएं हर परिवार की धुरी होती हैं। एक साथ कई-कई भूमिकाएं निभाने में एक्सपर्ट मांओं का मैनेजमेंट स्किल कमाल का होता है। हर सदस्य की जरूरत और खुशी का ध्यान रखने में उनका जवाब नहीं होता है। तभी तो हम सब मानते हैं, मां जैसा कोई नहीं।

स्पेशल क्वालिटी

**अंजू जैन**



पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, स्ट्रेटेजी, टीम लीडर जैसे भारी भरकम शब्दों का इस्तेमाल किए बिना ही शानदार मैनेजमेंट स्किल का प्रदर्शन करने में एक्सपर्ट होती हैं हम सभी की मांएं। हम उन्हें एक कुशल प्रबंधक की तरह काम करते हुए देखते हैं मगर कभी इस पर ध्यान नहीं दे पाते। कैसे हमारी मां घर को एक सुचारू रूप से चलने वाले प्रोजेक्ट या कंपनी की तरह संभालती हैं, अनजान लोगों, रिश्तेदारों, फाइनेंस, टाइम टेबल, मुसीबतों, बाजार और भावनाओं को एक साथ संतुलित करती हैं। इस पर गौर करेंगे तो पाएंगे कि उनकी मैनेजमेंट स्किल्स किसी कॉर्पोरेट कंपनी के सीईओ यानी मुख्य कार्यकारी अधिकारी से किसी मायने में कम नहीं हैं। मां बिना किसी ऐसी डिग्री के एक पूरे संस्थान यानी परिवार और घर को सुचारु रूप से चलाती हैं।

**बजट और वित्तीय योजना:** सीमित संसाधनों में घर को बेहतरीन तरीके से चलाना और भविष्य के लिए बचत करना मांओं को एक कुशल 'फाइनेंसियल मैनेजर और एडवाइजर' बनाता है। वे बिना किसी ट्रेनिंग के घर की 'चीफ फाइनेंसियल ऑफिसर' की तरह काम करती हैं। घर में उपलब्ध संसाधनों का बेहतरीन और अधिकाधिक उपयोग करना मांओं की विशेषता होती है। वे जानती हैं कि बजट कैसे बनाया जाए, आने वाले खर्चों के लिए तैयारी कैसे की जाए और अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए धनराशि कैसे बचाई जाए?



**समझती हैं अपनी प्राथमिकताएं:** सबसे पहले और सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण क्या है, यह एक मां से बेहतर कौन समझ सकता है? मां की दिनचर्या को एक दिन के लिए देखें कि वे प्राथमिकताओं को कैसे निर्धारित करती हैं? वे समझती हैं कि कब किस मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है और कब उसे शांति से टाला जा सकता है? बच्चे का स्वास्थ्य, उसके स्कूल जाने-आने का समय, खाना बनाने और परोसने का टाइम या पारिवारिक संकट हमेशा उनकी प्राथमिकता में होते हैं। घर के सभी कार्य उनकी व्यस्त रूटीन में समायोजित हो जाते हैं। ठीक वैसे ही जैसे कोई माहिर कॉर्पोरेट मैनेजर करता है।

**कई रोल्स में बैलेंस करना:** मां खाना बनाने, साफ-सफाई से लेकर घरेलू कार्यक्रमों का आयोजन करने तक, हर काम को कुशलतापूर्वक संभालती हैं। शादी जैसा बड़ा इवेंट भी वे बखूबी मैनेज कर लेती हैं। वे लगातार अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि परिवार का हित प्रभावित न हो और यह सुचारु रूप से चलता रहे। एक साथ कई भूमिकाएं निभाने और कई प्रतिभाएं, गुण रखने को विशेषज्ञता को पालीमैथ कहा जाता है। मम्मियां इसमें दक्ष होती हैं।

**अच्छी रोल मॉडल:** मांएं अपने परिवार के लिए उदाहरण के तौर पर मौजूद रहती हैं। वे अनुशासन, धैर्य या मेहनत के बारे में सिर्फ किताबी बातें नहीं करतीं, बल्कि हर दिन इसे अपने जीवन में उतारती हैं। उनके बच्चे, पति और सभी परिजन इसे प्रत्यक्ष देखते हैं तो वे प्रेरित होते हैं।

**मल्टी-टास्कर:** मल्टी-टास्किंग के मामले में मम्मियों को दुनिया में सबसे बेहतरीन माना जाता है। एक मां एक ही समय में खाना बना सकती है, बच्चे की पढ़ाई पर नजर रख सकती है और घर के अन्य जरूरी कामों की योजना बना सकती है। मां एक साथ कई भूमिकाएं निभाती हैं जैसे टीचर, कुक, कंसल्टेंट और चीयरलीडर। यह क्षमता उन्हें जटिल परिस्थितियों में भी कार्यकुशल बनाए रखती है। ❁

# प्रॉपर मेकअप से मां दिखेंगी सिंपल-सोबर

मेकअप

**सरिता गुप्ता**

जिस तरह का मेकअप यंग एज में किया जाता है, वैसा मिड एज में नहीं किया जा सकता है। दरअसल, बढ़ती उम्र के साथ त्वचा में कई बदलाव आने लगते हैं, जैसे झुर्रियां, ढीलापन, ड्रायनेस और पिग्मेंटेशन। ऐसे में मेकअप का तरीका भी बदलना जरूरी हो जाता है। सही मेकअप न केवल चेहरे की कमियों को छिपाता है बल्कि नेचुरल ग्लो भी बढ़ाता है। इस मदर्स-डे पर, अपनी मां को एक नया सिंपल-सोबर लुक देने के लिए आप यहां बताए जा रहे मेकअप स्टेप्स फॉलो करें। यकीन मानिए, आपकी मॉम और भी प्यारी दिखने लगेंगी।

**स्किन केयर से करें शुरुआत:** मेकअप से पहले स्किन को प्रिपेयर करना बहुत जरूरी है। उम्र बढ़ने के साथ स्किन ड्राय होने लगती है। इसलिए सबसे पहले मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। फिर हाइड्रेटिंग सीरम और प्राइमर का उपयोग करें। इसकी मदद से मेकअप स्मूथ लगता है और लंबे समय तक टिका रहता है।



**लाइटवेट फाउंडेशन का करें चुनाव:** हैवी फाउंडेशन झुर्रियों को और उभार सकता है। इसलिए हमेशा लाइटवेट और हाइड्रेटिंग फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। बीबी क्रीम या सीसी क्रीम भी अच्छा विकल्प है। इसे स्पंज या ब्रश की मदद से हल्के हाथों से लगाएं ताकि स्किन नेचुरल दिखे।

**कंसीलर का सही इस्तेमाल:** आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स को छिपाने के लिए कंसीलर का उपयोग करें, लेकिन बहुत ज्यादा मात्रा में इसे न लगाएं। हल्के हाथों से ब्लेंड करें ताकि फाइन लाइंस में प्रोडक्ट जमा न हो।

**पावडर कम लगाएं:** मेकअप में कम पावडर का इस्तेमाल करें। अधिक पावडर लगाने से चेहरा ड्राय और केकी दिख सकता है। सिर्फ टी-जोन (माथा, नाक और ठोड़ी) पर ही हल्का-सा कॉम्पैक्ट पावडर लगाएं। इस सीजन में ट्रांसलूसेंट पावडर बेहतर रहता है।

**सॉफ्ट-न्यूट्रल आई मेकअप:** बढ़ती उम्र में आई मेकअप को हल्का और सॉफ्ट रखना चाहिए। ब्राउन, पीच या न्यूड शेड्स का इस्तेमाल करें। बहुत ज्यादा ग्लिटर या डार्क शेड्स अप्लाई करने से बचें। आईलाइनर पतला लगाएं और मस्कारा से पलकों को हल्का वॉल्यूम दें। इसके बाद आइब्रो पेंसिल से आइब्रोज को हल्की सी शेप दें।

**नेचुरल ग्लो के लिए ब्लशर:** बढ़ती उम्र में क्रीम ब्लश का इस्तेमाल करना ठीक रहता है क्योंकि यह स्किन को हाइड्रेटेड लुक देता है। पीच या पिंक शेड चेहरे को फ्रेश और यंग लुक देते हैं।

**लिपस्टिक के शेड्स:** डार्क और बहुत ब्राइट कलर्स की बजाय सॉफ्ट शेड्स जैसे रोज, पिंक, पीच या न्यूड शेड्स के लिपिस्टिक का चुनाव करना सही रहता है। लिप्स को पहले मॉयश्चराइज करें और फिर लिपस्टिक लगाएं।

**हाइलाइटर का कम यूज:** मेकअप के बाद हल्का-सा हाइलाइटर चेहरे को ग्लो देता है। लेकिन इसका ज्यादा इस्तेमाल न करें।

सबसे जरूरी बात यह है कि सिंपल और एलिगेंट लुक ही बढ़ती उम्र में सबसे ज्यादा खूबसूरत लगता है। ❁

**(मेकअप आर्टिस्ट प्राची गोयल से बातचीत पर आधारित)**

# मॉम रहेंगी मेंटली हेल्दी

आप जरूर चाहेंगी कि बढ़ती एज में भी आपकी मॉम न केवल फिजिकली बल्कि मेंटली भी हेल्दी रहें। इसके लिए आप क्या उपाय आजमा सकती हैं, कैसे उनकी मेंटल हेल्थ का ध्यान रखें, जानिए।

एडवाइस

**डॉ. आरती आनंद**
**सीनियर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट**
**सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली**

हर परिवार में मां-बेटी के बीच गहरा भावनात्मक लगाव होता है। ऐसे में जिम्मेदार बेटी होने के नाते आपका यह फर्ज बनता है कि आप अपनी मम्मी के मन की बातों को भी समझें। आपकी कोशिश होनी चाहिए कि वे तनावमुक्त और प्रसन्न रहें।

**मानसिक सेहत पर प्रभाव:** उम्र के पांचवें दशक में प्रवेश करते ही अधिकतर महिलाओं के जीवन में मेनोपॉज की शुरुआत हो जाती है। इस दौरान उनके शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरॉन हार्मोन की मात्रा घटने लगती है। हॉर्मोन संबंधी असंतुलन के कारण महिलाओं को मूड स्विंग की समस्या होती है। वे तनावग्रस्त रहने लगती हैं। उम्र के इस दौर में बच्चों के करियर, विवाह और रिटायरमेंट के बाद पैदा होने वाले खालीपन के बारे में भी सोचकर महिलाएं घबराने लगती हैं।



**कैसे पहचानें लक्षण:** अगर आपकी मम्मी अकसर सुस्त, चिड़चिड़ी और गुमसुम दिखाई दें या उनकी दिनचर्या और व्यवहार में अचानक कोई बड़ा बदलाव नजर आए, मसलन, कम बोलना, लोगों से मिलने-जुलने से कतराना, एकाग्रता में कमी, निर्णय लेने में घबराहट, रोजमर्रा की छोटी-छोटी बातें भूल जाना, रात में नींद न आना, सिरदर्द, भोजन में अरुचि, यदि ऐसे कोई भी लक्षण नजर आएं तो उन्हें अनदेखा न करें क्योंकि ये डिप्रेशन, स्ट्रेस और एंग्जाइटी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। ऐसे में अपनी मां को इमोशनल सपोर्ट देना आपकी जिम्मेदारी है।

**क्या करना चाहिए:** रोजाना नियमित रूप से अपनी मां के साथ बातचीत के लिए समय निकालें। अगर कभी वह उदास नजर आएं तो उनसे उनकी उदासी का कारण पूछकर उसे दूर करने की कोशिश करें। सहजता से धीरे-धीरे उनके साथ दोस्ताना संबंध विकसित करने की कोशिश करें। जहां तक संभव हो घर के कामकाज में उनका हाथ बंटाएं। रोजाना सुबह जल्दी उठकर उनके साथ योग और मेडिटेशन करें। इससे ब्रेन में एंडोर्फिन नामक हार्मोन रिलीज होता है, जो खुशी का एहसास दिलाने के साथ अच्छी नींद लाने में भी मददगार होता है। इस बात का भी ध्यान रखें कि कहीं आपकी मम्मी को थायरॉइड की समस्या तो नहीं है, उनके शरीर में विटामिन-डी और विटामिन-बी-12 का स्तर सही तो है न? कई बार इनकी कमी के कारण भी महिलाओं को डिप्रेशन और एंग्जाइटी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याएं परेशान करती हैं। अकेलापन सभी मनोवैज्ञानिक समस्याओं की सबसे बड़ी वजह है, इसलिए उन्हें उनकी रुचि से जुड़ी किसी भी गतिविधि जैसे कीर्तन, सत्संग या किटी पार्टी में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। किसी वीकेंड पर उन्हें अपने साथ शॉपिंग पर या डिनर के लिए लेकर जाएं। इस उम्र में महिलाओं की घरेलू जिम्मेदारियां सीमित हो जाती हैं, ऐसे में उन्हें खालीपन महसूस होने लगता है। इस समस्या से बचाव के लिए उन्हें उनकी उन हॉबीज की याद दिलाएं। उन्हें जो भी कार्य पसंद हो, उसकी दोबारा से शुरूआत करें। ऐसी रचनात्मक सक्रियता से वह हमेशा तनावमुक्त और खुश रहेंगी। ❁



**प्रस्तुतिः विनीता**

**खबर संक्षेप**

### सीए परमजीत सिंह बने भाजपा सीए सेल अध्यक्ष

**हांसी।** भाजपा सीए सेल हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सीए नितिन बंसल ने संगठन का विस्तार करते हुए हांसी इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। हांसी इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारियों की औपचारिक घोषणा की गई। इसमें सीए परमजीत सिंह को अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। उनके साथ सीए राजेंद्र गोयल को उपाध्यक्ष, सीए योगेंद्र जैन को सचिव, सीए अंकित अरोड़ा को प्रवक्ता तथा सीए रितु कुकरेजा को सोशल मीडिया एवं आईटी प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों ने संगठन के उद्देश्यों को समर्पित भाव से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### उकलाना नगर पालिका कर्मियों ने की हड़ताल

**उकलाना।** कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग को लेकर नगर पालिका कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। कर्मचारियों ने कहा कि उनकी मांगों को बार-बार माना तो जाता है, लेकिन उन्हें धरातल पर लागू नहीं किया जाता। नगर पालिका कर्मचारी प्रधान राम अवतार ने बताया कि उकलाना में चल रहे चुनावों के मद्देनजर कर्मचारी कल विभिन्न अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को ज्ञापन सौंपेंगे और अपनी मांगों से अवगत कराएंगे। इस दौरान प्रधान राम अवतार, सचिव राजेश रंगा, उप प्रधान दीपक सहित सभी कर्मचारी हड़ताल पर रहे और सरकार से जल्द मांगें पूरी करने की मांग की।

### अर्बन एस्टेट पुलिस चौकी में वाटर कूलर भेंट

**हिसार।** अग्रवाल सेवा समिति अर्बन एस्टेट -2 के सदस्य संजीव मित्तल ने स्थानीय अर्बन एस्टेट-2 में स्थित पुलिस चौकी में वाटर कूलर भेंट किया। इस अवसर पर अग्रवाल सेवा समिति अर्बन एस्टेट -2 के प्रवक्ता वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि गर्मी के प्रकोप को देखते हुए व जल सेवा की पहल करते हुए समिति के सहयोग से अर्बन एस्टेट चौकी में चौकी प्रभारी व पूरे स्टाफ की उपस्थिति में एक वाटर कूलर भेंट किया। समिति प्रधान संजय डालमिया ने कहा कूलर भेंट करना एक अत्यंत नेक कार्य है।

### सीएमओ कार्यालय पर किया रोष प्रदर्शन

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन की स्वास्थ्य विभाग शाखा की गेट मीटिंग सोमवार को शाखा प्रधान अजमेर की अध्यक्षता में हुई। गेट मीटिंग का संचालन दीपक खत्री ने किया। गेट मीटिंग में स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी किए जाने पर रोष प्रकट किया गया और सीएमओ कार्यालय पर दो घंटे रोष प्रदर्शन किया गया। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अशोक सैनी व ब्लॉक सचिव जय सिवाच ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को 4-5 महीने से वेतन नहीं मिला है और ड्यूटी रोस्टर में भेदभाव किया जा रहा है। गेट मीटिंग को नूर मोहमद, फार्मेसी चीफ विनोद दलाल, एलडी राकेश, एलडी दिनेश, पवन कुमार, पंकज, विक्रम सिंह, सचिन, नीरज व सोमवीर आदि ने भी संबोधित किया।

### प्रणामी स्कूल में बैग सजाओ प्रतियोगिता

**आदमपुर।** श्री कृष्ण प्रणामी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए बैग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह, उमंग एवं लगन के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अपने स्कूल बैग को आकर्षक ढंग से सुसज्जित करने, आवश्यक शैक्षणिक सामग्री को व्यवस्थित रूप से रखने तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### दो अधिकारी एसआई पद पर पदोन्नत

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने सोमवार को जिला पुलिस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो अधिकारियों को पदोन्नत किया। एसपी हांसी द्वाराकार्यालय में सुरक्षा शाखा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार तथा एवीटी स्टाफ इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक नरेश को उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत होने पर उनके कंधों पर स्टार लगाकर सम्मानित किया गया।

## महिला आयोग की चेयरपर्सन ने हांसी-फतेहाबाद के 22 मामलों पर की सुनवाई

# महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा सरकार की प्राथमिकता : रेनू भाटिया

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह हांसी के कांफ्रेंस हॉल में जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ हांसी तथा फतेहाबाद के 22 मामलों की दोनों पक्षों की उपस्थिति में सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की। चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि महिलाओं के उत्थान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिला संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा महिलाओं को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने बताया कि हांसी जिला बनने के बाद पहली बार एक कार्यक्रम के दौरान दोनों पक्षों की उपस्थिति में 12 मामलों की सुनवाई की गई है, जिसमें दो केस लंबित रखे गए हैं। जबकि तीन मामलों में अधिकारियों को रिंइक्वारी के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आज फतेहाबाद जिले के भी 10 मामलों की सुनवाई की है। जिसमें दो मामले पेंडिंग रखे गए हैं। इस अवसर पर एसडीएम राजेश खोथ, डीएसपी विनोद शंकर, डीएसपी देवेंद्र नैन, महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता, इंस्पेक्टर संदीप श्योराण सहित काफी संख्या में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।


**हांसी।** विश्रामगृह में महिलाओं की शिकायत सुनती महिला आयोग चेयरपर्सन रेनू भाटिया उनके साथ हैं एसडीएम राजेश खोथ व अन्य अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### लिव-इन रिलेशन पर जताई चिंता

महिला आयोग चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कई गंभीर सामाजिक मुद्दों पर चिंता व्यक्त की। चेयरपर्सन भाटिया ने स्पष्ट किया कि महिला आयोग केवल महिलाओं के लिए नहीं, बल्कि न्याय के लिए कार्य करता है। इसी सिद्धांत पर उन्होंने 2 ऐसे पुरुषों की भी सुनवाई की, जो अपनी बेटियों के हित में न्याय की मांग कर रहे थे। उन्होंने एक गंभीर मामले का उल्लेख किया, जिसमें 48 वर्षीय महिला के 24 साल के युवक से संबंध के कारण एक परिवार बिखर गया। वर्तमान परिभाषाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए भाटिया ने कहा कि पढ़ाई और आधुनिकता के नाम पर पारिवारिक मूल्यों की अनदेखी की जा रही है, जिससे रिश्तों में दरारें आ रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के बढ़ते दुरुपयोग को भी परिवारों के टूटने की एक बड़ी वजह बताया। भाटिया ने कहा, सोशल मीडिया एक शक्तिशाली मंच है, लेकिन इसका गलत इस्तेमाल जीवन को बर्बाद कर सकता है।

### किसी भी रिश्ते में प्रवेश करने से पहले पूरी

लिव-इन रिलेशनशिप पर अपनी व्यक्तिगत राय देते हुए उन्होंने कहा कि कई महिलाएं बिना पूरी जानकारी के ऐसे रिश्तों में शामिल हो जाती हैं और बाद में विवाद बढ़ने पर उन्हें कानूनी कार्रवाई का सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस विषय में कानून में बदलाव की आवश्यकता है, हालांकि यह उनकी निजी राय है, न कि आयोग का आधिकारिक दृष्टिकोण। उन्होंने युवाओं, विशेषकर बेटियों को संदेश दिया कि किसी भी रिश्ते में प्रवेश करने से पहले पूरी सच्चाई जानना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जीवन में संतुलन बनाए रखना ही वास्तविक सशक्तिकरण है।

# सोनिया के हत्यारोपी न पकड़े जाने पर परिजनों में रोष

- 6 को निकालेंगे कैंडल मार्च, 11 को नागोरी गेट पर देंगे धरना
- फिर भी हत्यारोपी नहीं पकड़े गए तो करेंगे पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

शहर के सेक्टर 13 में निजी स्कूल की शिक्षिका सोनिया आनंद की हत्या मामले में उसके पति व अन्य की गिरफ्तारी न होने पर परिजनों में रोष बढ़ता जा रहा है। परिजनों व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सोमवार को सोनिया की शांति नगर स्थित परमहंस श्रीयोग दरबार ब्रह्मज्ञान मंदिर में रस्म क्रिया के दौरान बैठक करके पुलिस प्रशासन को बड़े आंदोलन का अल्टीमेटम दिया है। इससे पहले संत नगर में सोनिया की रस्म क्रिया की गई। इसके बाद एकत्रित गणमान्य व्यक्तियों ने अभी तक सोनिया के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी न होने पर रोष जताया। प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग ने कहा कि अभी तक आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए हैं और परिजनों में भय का माहौल है। ऐसे में हमने गणमान्य व्यक्तियों से विचार विमर्श के बाद निर्णय लिया है कि 6 मई को शहर में कैंडल मार्च निकाला जाएगा। इसके बाद भी यदि समाधान नहीं हुआ तो अगले सोमवार 11 मई को नागोरी गेट के बाहर शांतिपूर्ण ढंग से धरना लगाकर हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग की जाएगी। उन्होंने चेताया कि यदि इसके बाद भी आरोपी नहीं पकड़े गए तो पुलिस के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन करने से गुरेज नहीं करेंगे।

### सोनिया की हत्या दुखद

पूर्व मेयर गौतम सरदाना ने कहा कि सेक्टर 13 निवासी सोनिया आनंद की निर्मम हत्या की घटना अत्यंत दुखद, निंदनीय एवं समाज को झकझोर देने वाली है। सोनिया की हत्या हुए आज चार दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक मुख्य आरोपी, जो कि मृतका का पति बताया जा रहा है, पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। यह मामला केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। यदि दिनदहाड़े या घर के भीतर इस प्रकार की घटनाएं होती हैं और आरोपी खुलेआम घूमता रहे, तो आम नागरिकों का कानून पर से विश्वास उठना स्वाभाविक है। हम प्रशासन एवं पुलिस विभाग से कड़े शब्दों में मांग करते हैं कि इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और आरोपी को तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

# शहीद भगत सिंह अकादमी के चार खिलाड़ी दिखाएंगे दम

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित साई सेंटर में रविवार को आयोजित अंडर-23 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के ट्रायल में नारनौंद क्षेत्र के मिर्चपुर गांव की शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल कुश्ती अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। अकादमी के चार पहलवानों का चयन आगामी एशियाई चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जो 23 से 31 मई तक वियतनाम (दा नांग) में आयोजित की जाएगी। एक ही अकादमी से चार खिलाड़ियों का चयन होना अपने आप में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है और इससे पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

अकादमी के संचालक अजय पहलवान और जयभगवान लाठर ने बताया कि खिलाड़ियों ने कड़े मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन कर चयन हासिल किया। 79 किलोग्राम भार वर्ग में फ्री स्टाइल कुश्ती के लिए पहलवान चंद्रमोहन, 86 किलोग्राम भार वर्ग में सचिन मोर और 97 किलो वर्ग में विक्की हुड्डा का चयन हुआ है। अकादमी का एक अन्य पहलवान भी अपने खेल के आधार पर टीम में जगह बनाने में सफल रहा है।


**नारनौंद।** चयनित पहलवाओं को साथ अकादमी संचालक अजय पहलवान।

### नए न्यायिक अधिकारियों का किया सम्मान

**हिसार।** जिला बार एसोसिएशन द्वारा स्थानांतरित होकर आए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जैस्मिन शर्मा एवं पुनीत सहगल के सम्मान में एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अल्का मलिक, अन्य न्यायिक अधिकारीगण, बार के वरिष्ठ सदस्य एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता हिसार बार की एडहॉक कमेटी के सदस्य अधिवक्ता पी.के. संधीर द्वारा व मंच का संचालन अधिवक्ता रीटा नागपाल द्वारा किया गया। अपने संबोधन अधिवक्ता पी.के. संधीर ने कहा कि माननीय न्यायिक अधिकारियों का आगमन बार के लिए गर्व का विषय है तथा इससे न्यायिक व्यवस्था की गरिमा और सुदृढ़ होगी।

# भजन सुनकर झूमे श्रद्धालु

- बीड़ बबरान धाम में हुआ ताली कीर्तन व अर्जी संकीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

महाभारतकाल के साक्ष्यों को संजोने वाले बीड़ बबरान धाम में ताली कीर्तन व अर्जी संकीर्तन धूमधाम से आयोजित किया गया। इन आयोजनों में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने इष्ट के दर्शन करके जनकल्याण की कामना की। ताली कीर्तन व अर्जी संकीर्तन के लिए श्याम बाबा के दरबार को सजाकर भव्य स्वरूप दिया गया। दोनों दिन श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा दरबार के दर्शन किए और माथा टेककर मन्नत मांगी। दरअसल बाबा का भव्य दरबार देखकर भक्तगण अभिभूत हो गए।

बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने श्याम बाबा की पूजा व आराधना करते हुए पूरे विधि-विधान से दोनों दिन ताली कीर्तन व अर्जी संकीर्तन की शुरुआत की।


बीड़ बबरान धाम में संकीर्तन के दौरान सजा हुआ श्याम बाबा का दरबार।

### बाबा का गुणगान

ताली कीर्तन व संकीर्तन के दौरान गायकों ने श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करके समां बांध दिया। खाटू वाले का सिर पे हाथ, मुझे अब क्या चिंता भजन सुनकर श्रद्धालु झूमने लगे। ताली कीर्तन व संकीर्तन में भक्तों को सात्विक प्रसाद का वितरण भी किया गया। ताली कीर्तन व अर्जी संकीर्तन में पधारने वाले श्रद्धालुओं ने धाम में स्थापित श्याम बाबा के दरबार, वीर हनुमान के मंदिर, शिव परिवार, अखंड जोत, धूणे, घोड़े के पांव के निशान वाली शिला व मढ़ी के भी दर्शन किए।

### सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहे तीन आरोपी काबू, 1,27,800 रुपये बरामद

- सट्टा खेलने वालों के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

**हांसी।** जिला पुलिस द्वारा जुड़ा व सट्टा खेलने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान सीआईए-1, सीआईए-2 व सीआईए नारनौंद की टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए सरेआम सट्टा खाईवाल करने वाले तीन आरोपियों को काबू किया है। पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाली के आरोप में बोगा राम कॉलोनी निवासी योगेश उर्फ योगी को काबू उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन व 1,01,000 रुपये, गांधी नगर कॉलोनी निवासी राकेश को 12,100 रुपये तथा नागरिक अस्पताल नारनौंद के पास रेड कर वार्ड नंबर 7 निवासी यशपाल को सरेआम सट्टा खाईवाली करते हुए काबू कर आरोपी के कब्जे से 14,700 रुपये बरामद किए।

# महिलाओं से जुड़े मामलों में बर्दाश्त नहीं होगी लापरवाही : एसपी

- महिला पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक में एसपी ने दिए सख्त निर्देश

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने महिला पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि महिला संबंधित अपराधों जैसे छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, दहेज उत्पीड़न आदि मामलों में त्वरित, निष्पक्ष एवं सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में लापरवाही या देरी बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक में निर्देश दे रहे थे। बैठक का उद्देश्य महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में कार्यवाही सुनिश्चित करना, पुलिस कार्यप्रणाली को और सुदृढ़ बनाना रहा। उन्होंने महिला पुलिस कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे थानों एवं महिला हेल्प डेस्क पर आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लें।


बैठक में निर्देश देते पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन।

# भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल : दुष्यंत चौटाला

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

व्यापारी नेता विकास जैन के द्वारा सोमवार को एक निजी रेस्टोरेंट में व्यापारी मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला चौटाला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर व्यापारियों से मुलाकात कर उनसे संवाद किया। अवसर पर व्यापारियों को संबोधित करते हुए दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज हरियाणा में भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई है आज सरकार द्वारा सबसे ज्यादा व्यापारी वर्ग को प्रताड़ित किया जा रहा है। आए दिन अखबारों में व्यापारियों से लूट और फिरौती मांगने की खबरें आती हैं। मंडियों में बुरे हालत है। समय पर फसल की खरीद न होने पर मंडियों में फसल के ढेर लगे हुए है। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि मंडियों व शहर के प्रमुख बाजारों व रिहायशी इलाकों में पिछले चार दिन से सफाई न होने के कारण गंदगी के ढेर लगे हैं जिससे महामारी फैलने का खतरा बढ़ रहा है।

### अवैध देसी शराब की 37 बोतल व 139 पव्वों के साथ तीन काबू

**हांसी।** पुलिस द्वारा ने तीन अलग-अलग स्थानों से देसी शराब की 37 बोतल व 139 पव्वे के साथ तीन आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान आर्य नगर कॉलोनी निवासी विकास, जमावड़ी निवासी रविन्द्र उर्फ मोदी व किला बाजार निवासी अजय के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता संदीप शर्मा ने बताया कि अनाज मंडी चौकी पुलिस ने आर्य नगर कालोनी निवासी विकास को हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में 5 बोतल व 50 पव्वे के साथ तथा सिसाय पुल चौकी पुलिस ने जमावड़ी निवासी रविन्द्र उर्फ मोदी को सिसाय रोड़ पर 12 बोतल व 89 पव्वे के साथ तथा किला बाजार चौकी पुलिस ने धक्का बस्ती निवासी अजय को 10 बोतल अवैध देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

**सफलता** | तीन राज्यों में मिली जीत, लोगों ने पीएम की नीतियों पर जताया भरोसा

# भाजपा की प्रचंड जीत पर मना जश्न, बंटे लड्डू


**नारनौंद।** नारनौंद में भाजपा की जीत को लेकर खुशियां मनाते हुए कार्यकर्ता।

- प्रधानमंत्री ने पूरे देश में समान तरीके से कराया विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

पश्चिम बंगाल और असम में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इसको लेकर कार्यकर्ताओं ने लड्डू बाटकर खुशियां मनाई। भाजपा के जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान, मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर, चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान, मंडल प्रधान कर्णपाल पेटवाड़, सोनू सैनी ने बताया कि भाजपा ने पश्चिम बंगाल,असम और पांडिचेरी में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने का काम किया। वहां की जनता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में आस्था जताते हुए भाजपा को बहुमत देने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने पूरे देश में समान तरीके से विकास करवाकर ये साबित कर दिया कि देश उन्नति के रास्ते पर आगे बढ़ रहा हैं। इस जीत से प्रदेश के कार्यकर्ताओं में ओर भी ज्यादा जोश बढ़ गया है। प्रदेश में भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ऐसी योजनाएं तैयार की जा रही हैं कि गरीब परिवार के लोगों के स्तर को ऊंचा उठाने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन बिजेंद्र शर्मा, पार्षद सुनील बैरागी, आजाद शर्मा, कुलदीप गौतम, जिला पार्षद संजय खरब, नरेश वर्मा, शमशेर सैनी आदि मौजूद थे।

### भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी

**हिसार।** तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर भाजपा जिला कार्यालय में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। भाजपा जिला कार्यालय में एकत्रित हुए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कहा कि पश्चिमी बंगाल, असम व पुडुचेरी में पार्टी ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि इस अवसर पर भारी संख्या में एकत्रित हुए कार्यकर्ताओं ने नाचकर खुशी मनाई। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महामंत्री कृष्ण सरसाना, संजीव गंगवा, विनोद तोशावड़, सुरेन्द्र सैनी, विकास जैन, दीपक अग्रवाल, राजकुमार इंदौरा, धर्मबीर पानू, प्रोमिला पूनिया सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**हिसार।** पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की सरकार बनने पर खुशी मनाते भाजपा नेता व कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### भाजपा समर्थकों में खुशी की लहर

**बरवाला।** पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की सरकार बनने की खुशी में पुरानी अनाज मंडी में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा उत्साहपूर्वक जश्न मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पूर्व चेयरमैन व वरिष्ठ भाजपा नेता रणधीर सिंह धीरू ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व पर विश्वास, पार्टी की नीतियों और जनसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष पवन शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनोज संदूजा, वाइस चेयरमैन रोशन घणघस, प्रमोद सिवाच, एमिनेंट पर्सन सुरेश गोयल, विनोद बंसल, पूर्व मनोनीत पार्षद सुंदर गोयल, सतीश गिल, प्रेम जांगड़ा, आदि मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई


**हांसी।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक एवं प्रचंड विजय के उपलक्ष्य में सोमवार को जिला कार्यालय में लड्डू बांटकर जीत का जश्न मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष अशोक सैनी ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक सैनी व जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने कहा कि यह विजय केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि देश की जनता द्वारा भाजपा की नीतियों, विचारधारा और नेतृत्व पर जताए गए अटूट विश्वास का प्रमाण है।

### भाजपा की जीत पर मनाया जश्न


**हिसार।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पुद्दुचेरी राज्यों में मिली जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में जश्न मनाया। सभी ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर जीत की बधाई दी और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच खुशी का इजहार किया। कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश और उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी (मानी) ने कहा कि यह जीत देशभर में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी नीतियों और सुशासन की जीत है। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा सरकारें इन राज्यों में विकास के नए आयाम स्थापित करेंगी और जनता की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरी उतरेंगी। इस अवसर पर सुरेश गोयल धूप वाला, कृष्ण खटाना एडवोकेट, सुरेंद्र सिंह सैनी, विनोद तोशावाड़, लोकेश असीजा, संजय सूरा, ईश्वर सैनी , शिवकुमार सैनी धरमसिंह खटकड़, नरेंद्र सैनी, प्रवीण कुमार आदि उपस्थित रहे।

## डीसी ने की जनसुनवाई, अफसरों को दिए समस्याओं के समाधान के निर्देश

# जगान के सरपंच पर छायादार पेड़ काटने का आरोप, जांच के आदेश

■ कहा- अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का निपटारा समय पर करना सुनिश्चित करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में सोमवार को डीसी महेंद पाल ने समाधान शिविर में जुनसुनवाई की। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का निपटारा समय पर करना सुनिश्चित किया जाए। समाधान शिविर में गांव किरतान निवासी एक प्रार्थी ने गली निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा सही तरीके से मिट्टी का भराव न करके इंटरलॉकिंग से गली बनाने की शिकायत तथा गांव जगान के निवासियों द्वारा सरपंच द्वारा पंचायती जमीन पर छायादार व फलदार पेड़ों को निजी हितों के लिए काटकर बेचने की शिकायत पर उपायुक्त ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को मामले की जांच कर आगामी कार्रवाई करने की हिदायत दी। महावीर कॉलोनी निवासी एक प्रार्थी द्वारा शहर के अंदर घूम रहे आवारा पालतू गायों को पकड़ने की शिकायत पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने नगर निगम अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सरकारी आवास क्षेत्र लघु सचिवालय कॉलोनी से प्रार्थी सूरजभान द्वारा गली के अधूरे पड़े निर्माण कार्य की शिकायत पर उपायुक्त ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद, नगराधीश सुभाष चंद्र, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


हिसार। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते उपायुक्त महेंद्र पाल।

### हांसीः एडीसी ने खानपुर में किसान के खेत से बूस्टिंग स्टेशन की मिट्टी उठाने के दिए निर्देश



हांसी। जिला सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश जारी किए। समाधान शिविर में उमरा गांव निवासी वीरेंद्र सिंह ने खेतों में बिजली के टेढ़े खंभों तथा जर्जर बिजली तारों को बदलवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर एडीसी लक्षित सरीन ने बिजली निगम के अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जगदीश कॉलोनी निवासी अनिल कुमार ने गंदे पानी की निकासी के लिए नालों की सफाई करवाने तथा गली में किए गए अवैध कब्जे को हटवाने की मांग रखी। अतिरिक्त उपायुक्त ने नगर परिषद के अधिकारियों को मौके का निरीक्षण कर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, गांव खानपुर निवासी रामशरण ने अपने खेत से बूस्टिंग स्टेशन की मिट्टी हटाने की मांग रखी। इस पर एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल बिजाई शुरू होने से पहले मिट्टी उठान का कार्य हर हाल में पूरा किया जाए। मामनपुरा गांव के निवासियों ने दूषित पेयजल आपूर्ति की समस्या को प्रमुखता से उठाया। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर निरीक्षण करने तथा समस्या के स्थायी समाधान तक अस्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में तहसीलदार अनिल कुमार बिढान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सावित्री मक्खनलाल ट्रस्ट के अध्यक्ष बने कृष्णा

**हिसार।** सावित्री मक्खनलाल जनकल्याण ट्रस्ट की आम सभा माता सावित्री शक्तिधाम, रिसालुखेड़ा (अग्रोहा) में हुई, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इससे पूर्व हुई समाज के बंधुओं की बैठक में 11 सदस्यीय समिति बनाई गई थी, जिसमें हंसराज तोशावड़, वेद प्रकाश सोनी, पवन सोनी, नरेश सोनी एडवोकेट, विजय कुमार बिट्टू, दिलबाग सोनी, मान सिंह सरपंच, कृष्ण सोनी, नरेन्द्र सोनी नीटू, महेंद्र सोनी आदि सदस्य शामिल थे। उक्त समिति के सुझावों एवं समाज बंधुओं की सहमति से नई कार्यकारिणी बनाई गई। सर्वसम्मति से सतपाल तोशावर, वेद प्रकाश सोनी एवं हंसराज मोसून को संरक्षक, कृष्ण मोसून को अध्यक्ष, महेंद्र मोसून झुप्पा को महासचिव व करण सिंह महायच (हांसी) को कोषाध्यक्ष चुना गया। यह कार्यकारिणी तीन वर्ष के लिए गठित की गई है।

### निःशुल्क शिविर में हुए 15 लोगों के नेत्र ऑपरेशन

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में समाजसेवी पुनीत मैनी के स्व. पिता धर्मपाल मैनी की स्मृति में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने आंखों के सफेद मोतियाबिंद से प्रभावित 15 लोगों का निशुल्क नेत्र ऑपरेशन किया। इस दौरान यथासंभव दवाइयां भी फ्री उपलब्ध करवाई गई। इस शिविर में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग भी निशुल्क उपलब्ध करवाए गए। विशेष बात यह है कि कृत्रिम अंग दिव्यांग केंद्र की निर्माणशाला में निर्मित करके दिव्यांगों को फ्री प्रदान किए जाते हैं। इस अवसर पर नेत्र जांच, दंत चिकित्सा व फिजियोथेरेपी की सुविधा भी उपलब्ध रही। बहुत से लोगों ने इन सुविधाओं का लाभ उठाया।

### हकृवि कुलपति की माता की शोक बैठक कल

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज की माता शिक्षा देवी जी 2 मई को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके प्रभु चरणों में विलीन हो गई हैं। इस संबंध में शोक बैठक विश्वविद्यालय स्थित कुलपति निवास पर 6 मई को सुबह 8:00 बजे से 03:00 बजे अपराह्न तक रखी गई है।

### स्टेनो टाइपिस्ट संजय कुमार पदोन्नत

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के स्टेनो टाइपिस्ट के पद पर कार्यरत संजय कुमार को जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर के पद पर पदोन्नत किया गया। पदोन्नति के आदेश सोमवार को विश्वविद्यालय के कुलसचिव के द्वारा दिए गए। इस अवसर पर कुलसचिव ने पदोन्नत हुए कर्मचारी को बधाई दी और आशा व्यक्त करते हुए कहा कि आप भविष्य में और अधिक लग्न से विश्वविद्यालय की सेवा करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित लुवास गैर शिक्षक संघ के प्रधान तरुण तनेजा ने यूनियन की तरफ से इस पदोन्नति के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार जताया।



### अमीन प्रदेश अध्यक्ष व सुरेश प्रदेश सचिव बने

**हिसार।** हरियाणा प्रदेश लोहार समाज की बैठक कैमरी रोड पर हुई। बैठक में सर्वसम्मति से अगले 2 साल के लिए नई प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव कराया गया।

■ हरियाणा प्रदेश लोहार समाज की कार्यकारिणी गठित

नई कार्यकारिणी में अमीन भाई को प्रदेश अध्यक्ष, मोहमद हुसैन व अलामेहर को उपाध्यक्ष, सुरेश लोहार ढंडेरी-प्रदेश सचिव, सलीम भूना, व ओम प्रकाश न्योली कलां-उप सचिव, राशिद गुडियानी -कोषाध्यक्ष, मोहम्मद इदरीश व मुश्ताक अली मीरान-उप कोषाध्यक्ष, खान जमालपुर व रमजान मिर्जापुर-मीडिया प्रभारी बनाया गया। इसके अलावा मार्गदर्शक मंडल में खुशी मोहम्मद, लादू खान, सलाउद्दीन, पीरबक्स, इकबाल, सूबेखान दादरी, कृष्ण अली, रुस्तम अली, मुबारिक अली, यूनुस गुडियानी, बरकत सिवानी, हाजी मुख्तयार गुडियानी, मोबिन शरीफ, घिसा खान बास, असगर अली, फकीर चंद जींद, सादिक अली जमालपुर, पृथ्वी सिंह, महेंद्र मंगाली, राजेश सुल्तानपुर, मनीर सरसोद, जावेद रतिया को लिया गया।

## सतरोल खाप के चबूतरे का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चलाने का निर्णय

■ माजरा प्याऊ में खाप के चबूतरे पर हुई सतरोल खाप कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक, खाप प्रधान संदीप खर्ब ने की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

सतरोल खाप कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को खाप प्रधान संदीप खर्ब की अध्यक्षता में माजरा प्याऊ में खाप के चबूतरे पर हुई।

बैठक में खाप से जुड़े विभिन्न गांवों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और सामाजिक विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। लंबे समय के बाद आयोजित सर्वजातीय बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि खाप के ऐतिहासिक चबूतरे का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर पूरा किया जाएगा। और यह चबूतरा प्रदेश में एक अलग से अनूठी छाप छोड़ने का काम करेगा।

बैठक में खाप प्रधान एडवोकेट संदीप खर्ब ने बताया गया कि इस चबूतरे के निर्माण के लिए पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह तथा पूर्व राज्यसभा सांसद जनरल डीपी वत्स द्वारा दी गई ग्रांट से कार्य की शुरुआत कर दी गई है। खाप पदाधिकारियों ने कहा कि यह चबूतरा न केवल सामाजिक बैठकों का केंद्र बनेगा, बल्कि क्षेत्र की एकता और परंपरा का प्रतीक भी होगा। उन्होंने निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरा कराने पर जोर दिया। निर्माण कार्य शुरू होने पर खाप सदस्यों में खासा उत्साह देखने को मिला। खुशी के इस मौके पर लड्डू बांटकर जश्न मनाया गया।

बैठक में खाप प्रधान संदीप खर्ब ने सभी सदस्यों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह कार्य सामूहिक भागीदारी से ही संभव हो पाएगा। चबूतरे का निर्माण ऐसे तरीके से किया जाएगा जिस पर खाप के ऐतिहासिक फैसले तो होंगे साथ ही युवाओं की मार्गदर्शन के लिए भी अलग से छाप छोड़ने का काम करेगा।

### बच्चों को दी गुड टच और बैड टच की जानकारी

**हिसार।** महिला समर्पित टीम ममता व किरण द्वारा सेक्टर 14 के एक निजी स्कूल में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में सरल और समझने योग्य तरीके से जानकारी देना था।

बच्चों को यह भी सिखाया गया कि यदि कोई उन्हें असुरक्षित महसूस कराए, तो वे तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों या किसी भरोसेमंद व्यक्ति को इसकी जानकारी दें। टीम द्वारा बच्चों को आत्मविश्वास बढ़ाने और अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया।

## विशाल नगर इलाके में दूसरा टावर लगाने के विरोध में उतरे क्षेत्रवासी

**हिसार।** विशाल नगर क्षेत्र में पहले से लगे मोबाइल टावर के बीच अब दूसरे टावर की तैयारी शुरू होने पर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिली। टावर लगाने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया। क्षेत्रवासी भानु सिंघल, जगदीश दहिया, विपुल, मोहन, मनदीप गोदारा, सुनील, कपिल, बसंत, कमलेश नरूला, शशि सिंघल, कृष्णा देवी, माया शर्मा, भागीरथी, गुंजन, रेशमा, पार्वती व आदि का कहना है कि विशाल नगर की गली नंबर दो में पहले से एक टेलीकॉम टावर लगा हुआ है। अब उसी जगह पर एक और टॉवर लगाने की तैयारी की जा रही है। पहले से ही एक मोबाइल टावर मौजूद है, ऐसे में दूसरे टावर की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना स्थानीय निवासियों की सहमति के एक और टावर लगाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जो पूरी तरह गलत है। लोगों ने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को भी उठाया। उनका कहना है कि एक ही क्षेत्र में दो-दो टावर लगने से रेडिएशन का खतरा बढ़ सकता है, जिसका असर खासकर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ सकता है। लोगों ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज को ई-मेल के माध्यम से संदेश भेजकर टावर लगाने पर रोक लगाने की मांग की है। लोगों ने प्रशासन से मांग की कि दूसरे टावर की अनुमति पर तुरंत रोक लगाई जाए और पहले से लगे टावर की भी जांच करवाई जाए।


हिसार। विशाल नगर में एक और टावर लगाने पर विरोध करते क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि

### सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में सफाई का बजट नाकाफी

**हिसार।** इनेलो के वरिष्ठ नेता एवं हिसार विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी रहे एडवोकेट प्रमोद बागड़ी ने प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी प्राथमिक विद्यालयों की साफ-सफाई के लिए मात्र 8000 रुपये वार्षिक बजट निर्धारित करने को गंभीर चिंता का विषय बताया है।

एडवोकेट बागड़ी ने सरकार से मांग की कि प्राथमिक विद्यालयों की साफ-सफाई के लिए वर्तमान 8000 रुपये वार्षिक बजट में वास्तविक और प्रभावी बढ़ोतरी की जाए। प्रति विद्यालय कम से कम 8 लाख रुपये वार्षिक का प्रावधान किया जाए, ताकि सफाई सामग्री, शौचालयों की नियमित देखभाल, कूड़ा निस्तारण, पानी की स्वच्छता और सफाई कर्मचारियों के लिए पर्याप्त संसाधन व सम्मानजनक व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।



### वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य सुविधाएं लागू करने की मांग

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद की बैठक क्रांतिमान पार्क में आयोजित की गई। बैठक में परिषद के कई वरिष्ठ सदस्य और पारिवारिक पेंशनधारक शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मिलने वाली पेंशन, फैमिली पेंशन, मेडिकल सुविधाओं तथा अन्य भत्तों के समय पर भुगतान में हो रही देरी और समस्याओं को समझना एवं उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाना था। इस दौरान परिषद के अध्यक्ष रमेश सैनी के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। इसमें यह निर्णय लिया गया कि यदि हकृवि का प्रशासनिक कार्यालय सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी जाने वाली सुविधाओं मेडिकल बिलों का भुगतान, महंगाई भत्ता एवं पेंशन से संबंधित समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित नहीं करता है, तो परिषद के सभी सदस्य अपने परिवारों सहित कुलपति कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। इस बैठक में रमेश सैनी के अतिरिक्त जवाहरलाल, भगत सिंह, बलबीर सिंह, पी एस चौहान, ईश्वर सिंह, मामन राम, मांगे राम,कृष्ण कुमार, कुलबीर सिंह सहित अनेक सेवानिवृत्त कर्मचारी थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### गुजवि में मानवीय मूल्यों, सुख-समृद्धि एवं समग्र विकास पर केंद्रित यूएचवी कार्यशाला का शुभारंभ

## मानव की दो मूलभूत चाहतों 'निरंतर सुख और समृद्धि' से करवाया रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के यूएचवी सेल एवं एमएमटीटीसी के संयुक्त तत्वावधान में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के सहयोग से 8 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का शुभारंभ किया गया। एनसीसीआईपी की ओर से मुख्य वक्ता प्रो. बी.के. शर्मा, सहायक वक्ता प्रो. पीयूष तथा ऑब्जर्वर डॉ. सुनीता को विशेष रूप से अनुमोदित किया गया।

इस अवसर पर एमएमटीटीसी के उप निदेशक डॉ. हरदेव सिंह, एफडीपी समन्वयक डॉ. विजय पाल सिंह, सह-समन्वयक डॉ. चरणजीत मदान तथा डॉ. अनुराग सांगवान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. मनीषा जांगड़ा ने कुशलतापूर्वक किया।

'प्रथम दिन' मुख्य वक्ता प्रो. बी.के. शर्मा ने अत्यंत रोचक एवं विचारपूर्ण सत्रों का संचालन किया। प्रतिभागियों को मानव की दो मूलभूत चाहनाओं-निरंतर सुख और समृद्धि-से परिचित कराया गया। स्पष्ट किया गया कि इन चाहनाओं की सच्ची पूर्ति केवल भौतिक सुविधाओं या धन से नहीं हो सकती। इसके लिए सही समझ, संतुलित जीवन दृष्टि और समग्र विकास (होलिस्टिक डेवलपमेंट) आवश्यक है। सत्र में विचार, व्यवहार और कार्य के बीच सामंजस्य स्थापित करने पर बल दिया गया। इससे पूर्व डॉ. विजय पाल सिंह ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम न केवल शिक्षकों के व्यक्तिगत विकास में सहायक होगा, बल्कि वे अपने छात्रों को भी बेहतर मूल्यों और जीवन दृष्टि से जोड़ सकेंगे। कार्यक्रम में कुल 45 प्रतिभागी शामिल हैं, जिनमें 30 गुजवि हिसार से तथा 15 अन्य संस्थानों से आए हुए शिक्षक शामिल हैं। प्रथम दिन का समापन मानव और प्रकृति के पारस्परिक पूरक संबंधों की चर्चा के साथ हुआ। यह कार्यशाला शिक्षकों को मूल्य-आधारित शिक्षा देने, विद्यार्थियों में सकारात्मक मूल्यों का विकास करने तथा समाज में सद्भाव और समृद्धि फैलाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी।अगले सात दिनों में और गहन चर्चा एवं व्यावहारिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।


हिसार। गुजवि में कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रो. बी.के. शर्मा को सम्मानित करते एफडीपी के समन्वयक डॉ. विजय पाल सिंह। फोटो : हरिभूमि

## न्यूज डायरी



### दुर्घटनाग्रस्त किसान-मजदूरों को सौंपी सहायता राशि

बरवाला। मुख्यमंत्री कृषक खेत-खलिहान किसान मजदूर सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा खेत में कार्य के दौरान दुर्घटनाग्रस्त किसान-मजदूरों को हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के माध्यम से आर्थिक सहायता दी जा रही है। इसी क्रम में ग्राम किरमारा निवासी किसान सुरेश की सरसों निकालते समय फन बेल्ट में उंगली कटने से और ग्राम सरसौद निवासी किसान रामकेश की पशु चारा काटने वाली मशीन में उंगली आने से दुर्घटना हो गई थी। बरवाला मार्केट कमेटी चेयरमैन प्रवीन सैनी द्वारा दोनों पीड़ित किसानों को योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि के चेक सौंपे गए। रामकेश को 38 हजार पांच सौ रुपये और सुरेश को 38 हजार पांच सौ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर मार्केट बोर्ड सचिव मनदीप राणा, वाइस चेयरमैन रोशन घणघस, मण्डल अध्यक्ष मनोज संदुजा, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन पवन शर्मा, पलवेश गुंदली, प्रेम जांगड़ा, सतीश गिल व परमानंद जांगड़ा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



### स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन : मंजु सुधाकर

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में छात्राओं एवं विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए सोमवार को सर्वाइकल कैंसर एवं एचपीवी टीकाकरण पर एक विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. मोनिका, डॉ. निकिता तथा स्वास्थ्य निरीक्षक जीतराम ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव एवं समय पर जांच के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीके के महत्व को समझाते हुए बताया कि यह टीका समय पर लगवाने से इस गंभीर बीमारी से काफी हद तक बचाव संभव है। विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने अपने संदेश में कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। ऐसे जागरूकता अभियानों के माध्यम से हम अपने विद्यार्थियों को न केवल शिक्षित बल्कि जागरूक और सशक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं। विद्यालय निदेशक निहाल सिंह ने कहा कि आज के समय में बच्चों को कम उम्र से ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है।



### जनगणना में लगी मेरी ड्यूटी, कइयों की किस्मत फूटी...

**हिसार।** प्रेरणा परिवार की मासिक काव्य गोष्ठी का शुभारंभ शुभकरण गौड़ की अध्यक्षता में टाउन पार्क में आयोजित की गई। मंच का संचालन जय भगवान लाडवाल ने किया। इस मौके समाजसेवी सुरिंदर छिंदा ने चीफ गेस्ट के तौर पर भाग लिया। इस मौके पर जय भगवान लाडवाल ने प्रभु तुमने कैसा किया सामाजिक न्याय, कुत्ता गाड़ी में घुम, भूखी मरती है कविता सुनाई। रमेश दुहन ने हम सब यहां कैदी है, ये दुनिया है जेल किसी का दोष नहीं है ये है कुदरत का खेल कविता सुनाई। मास्टर कृष्ण इंदौरा ने कहा कि जनगणना में लगी मेरी ड्यूटी, कइयों की किस्मत फूटी। इस मौके वीरेंद्र कौशल, ऋषि सक्सेना, भीम सिंह हुड्डा, सुरेंद्र छिंदा, इंद्रेश पांडे, अशोक गर्ग, विजेंद्र तंवर ने काव्य पाठ में भाग लिया।



### भाविप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कर्नल सिंह का हिसार प्रवास

**हिसार।** भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कर्नल सिंह का हिसार में हरियाणा पश्चिम प्रांत का प्रवास रहा। इस अवसर पर उनके साथ क्षेत्रीय महासचिव उत्तर क्षेत्र 2 राकेश शर्मा, क्षेत्रीय वित्त सचिव राजन गुप्ता भी केन्द्रीय कार्यालय से पधारे। हिसार जिला के समन्वयक ऋषिराज बुड़ाकिया ने बताया कि यहां पहुंचने पर उनका स्वागत संगठन सचिव जिया लाल बंसल, क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव कमलेश गर्ग, क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक संस्कार हरिओम भारद्वाज, क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक पर्यावरण सतीश वर्मा, क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक सेवा अनूप कुमार, प्रांतीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता, प्रांतीय महासचिव राम निवास वर्मा आदि ने किया। प्रांतीय महासचिव रामनिवास शर्मा ने सभी का परिचय करवाया व कर्नल सिंह के व्यक्तिगत विवरण को बताया।



### सफाई-दमकल कर्मियों की हड़ताल का किया समर्थन

हांसी। प्रदेश में अपनी मांगों को लेकर पिछले 26 दिनों से धरने पर बैठे सफाई व दमकल कर्मियों की मांगों का समर्थन करते हुए कांग्रेस नेता मनोज राठी ने धरना स्थल पहुंच उनकी मांगों का समर्थन किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता मनोज राठी ने दमकल व सफाई कर्मचारियों के संयुक्त धरने को संबोधित करते हुए कहा की ड्यूटी के दौरान मारे गए श्रमिकों को शहीद का दर्जा देने, उनके परिवार के लिए एक करोड़ की आर्थिक सहायता व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा कर्मचारियों को पक्का किए जाने तथा ग्रेड पे में बढ़ोतरी की मांग बिल्कुल जायज है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह दमकल व सफाई कर्मियों की मांगों को सरकार तुरंत पूरा करे। उन्होंने कहा कि इस महंगाई के दौर में मात्र 15000 रुपए तनख्वाह लेने वाला कर्मचारी अपना घर खर्च कैसे चला सकता।



### किताबें हमारी सच्ची मित्र विषय पर हुई विशेष सभा

हांसी। आरपीएस पब्लिक स्कूल में सोमवार सुबह प्रातःकालीन सभा किताबें हमारी सच्ची मित्र विशेष विशेष सभा आयोजन किया गया। सभा का संचालन कक्षा 8 के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और सुविचार से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने भाषण, कविता और लघु प्रस्तुतियों के माध्यम से पुस्तकों के महत्व को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों ने बताया कि पुस्तकें न केवल ज्ञान का भंडार हैं, बल्कि वे हमारे सच्चे मित्र भी हैं, जो जीवन के हर मोड़ पर हमारा मार्गदर्शन करती हैं। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या एकता सचदेवा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन और अच्छी पुस्तकों का चयन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया।